

# गौशाला बनेगी सेवा-संस्कृति का केन्द्र : तोमर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 1 जुलाई ।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि गौ संरक्षण

> **अंबाह में 5 हजार की क्षमता वाली गौशाला का विस अध्यक्ष ने किया लोकापर्ण**

केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। समाज और शासन मिलकर कार्य करेंगे तो



कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर नहीं होगा।

उन्होंने यह बात ग्राम बंधा स्थित श्री हनुमान जी गौशाला समिति द्वारा निर्मित क्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला के लोकार्पण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता को माता का स्थान प्राप्त है। कार्यक्रम में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, संत, महात्मा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने बताया कि गौशाला को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने की योजना तैयार की गई है। यहां गोबर से जैविक खाद, दीपक, कंडे एवं अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। वहीं गौमूत्र से औषधीय एवं जैविक उत्पाद तथा दूध से विभिन्न डेयरी उत्पाद तैयार कर बाजार में उपलब्ध कराए जाएंगे। इनसे होने वाली आय का उपयोग गौशाला के संचालन, गौवंश के चारे, उपचार एवं रख-रखाव में किया जाएगा, जिससे गौशाला लंबे समय तक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी रहे।

## जनहित के कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं, होगी कार्रवाई

**मुरैना, 1 जुलाई ।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बुधवार को टीएल बैठक में स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कृषक कल्याण वर्ष-2026 के सभी लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने तथा शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फार्मर आईडी, मूंग पंजीयन सत्यापन एवं अन्य किसान हितैषी योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मानसून को देखते हुए पुल-पुलियों एवं रपटों पर चेतावनी संकेतक लगाने, जर्जर भवनों का चिन्हांकन, पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांचए हैंडपंपों की मरम्मत तथा स्कूलों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के लक्ष्य समय पर पूरे करने पर जोर दिया।




# मानवता के सच्चे सेवक होते हैं चिकित्सक : निकेता दीदी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 1 जुलाई ।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुख-शांति

> **डॉक्टर्स डे पर ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में हुआ चिकित्सकों का सम्मान**

भवन सेवा केंद्र ने सिविल अस्पताल पोरसा में सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान बीएमओ डॉ. शैलेंद्र सिंह तोमर सहित डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विवेक धाकड़, डॉ. विनोद शाक्य, डॉ. जबरसिंह राठौर, डॉ. दीक्षा राजपूत का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

ब्रह्माकुमारी निकेता दीदी ने कहा कि डॉक्टर मानवता के सच्चे सेवक हैं। उन्होंने परमात्मा शिव को समस्त आत्माओं का रूहानी डॉक्टर बताते हुए कहा कि वे मन, बुद्धि और संस्कारों को शुद्ध कर जीवन में शांति, शक्ति और सुख का अनुभव कराते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि निराश व्यक्ति में नई आशा और जीवन का विश्वास भी जगाते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस की थीम ये मास्क के पीछे उपचार करने वालों की देखभाल कौन करता है, जो चिकित्सकों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करती है। सम्मानित चिकित्सकों ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज से मिलने वाला सम्मान उन्हें और अधिक समर्पण के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित करता है।

## एक नजर में

### छत पर बिजली का तार जोड़ रहे बैंक मैनेजर की करंट लगने से मौत

**मुरैना, 1 जुलाई।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित महाराजपुर रोड की बजरंग कॉलोनी में बुधवार सुबह करंट लगने से 34 वर्षीय इंडियन बैंक के असिस्टेंट मैनेजर मुकेश इंदौलिया की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह अपने तीन मंजिला मकान की छत पर बिजली के तार जोड़ रहे थे।



परिजनों के अनुसार अचानक तेज करंट लगने से मुकेश छत पर ही अचेत होकर गिर पड़े। काफी देर तक नीचे नहीं आने पर परिजन छत पर पहुंचे और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर गए, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इस्लामपुरा में टूटी 11 केवी लाईन, पूरी रात नहीं पहुंचें विद्युतकर्मी

**मुरैना।** शहर के इस्लामपुर क्षेत्र में मंगलवार देर रात 11 केवी हाईटेंशन लाइन टूटकर मकानों के बीच नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद बिजली विभाग ने करीब दो घंटे तक बिजली सप्लाई बंद नहीं की, जिससे क्षेत्र में हादसे का खतरा बना रहा। बाद में लोगों को स्वयं सर्विस सेंटर पहुंचकर बिजली बंद करानी पड़ी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने आरोप लगाया कि इस लाइन से पहले भी हादसे हो चुके हैं, जिनमें एक व्यक्ति की मौत और दो लोग करंट की चपेट में आ चुके हैं। इसके बावजूद विभाग ने जर्जर लाइन नहीं बदली। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों ने एक माह के भीतर नए पोल लगाकर नई लाइन बिछाने का आश्वासन दिया है। चेतावनी दी गई कि यदि तय समय में कार्य पूरा नहीं हुआ तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर जनहित में आंदोलन करेगी।



### 20 हजार की अवैध शराब के साथ युवक पकड़ा

**मुरैना।** सिविल लाईन पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि जौरा रोड पर एक युवक द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री कर अहाते का संचालन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने गड़ौरापुरा मोड़ के पास दविश देकर वहां से एक युवक को पकड़ा। उसके पास से देशी शराब की 62 पेटियां बरामद की गईं। जिनका बाजारू मूल्य 20 हजार रूपये बताया गया है। शराब सहित अन्य सामान को जब्त कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव और उनकी टीम शामिल थी।



### पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**मुरैना।** पहाड़गढ़ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट व छेड़खानी के मामले में फरार आरोपी अली खान पुत्र मुमताज खान नि. कट्टौली को 1 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि कट्टौली नहर की पुलिया के पास आरोपी अली खान खड़ा हुआ है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश देकर वहां से अली खान को दबोच लिया। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार और पुलिस टीम शामिल थी।

### कोचिंग से पेन खरीदने निकला 8वीं कक्षा का छात्र लापता

**मुरैना।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित काशी बाबा कॉलोनी का 13 वर्षीय छात्र बुधवार सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। छोटू उर्फ विवेक प्रजापति पुत्र सतीश प्रजापति रोज की तरह सुबह करीब 7 बजे घर से कोचिंग के लिए निकला था। परिजनों के अनुसार पढ़ाई के दौरान सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह पेन लेने की बात कहकर क्लास से बाहर गया, लेकिन वापस नहीं लौटा।



### आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना प्राथमिकता : डॉ. शर्मा

**मुरैना/कैलारस।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैलारस में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एसआर मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष शर्मा ने मंगलवार को बीएमओ पद का कार्यभार ग्रहण किया। सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय के आदेश पर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने डॉ. शर्मा का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि सभी के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान डॉ. कल्पना शर्मा, डॉ. राहुल सिकरवार, डॉ. राघवेंद्र कुशवाह, डॉ. आदेश राजे, डॉ. पंजाब मौर्य सहित चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## बारिश से पहले प्रशासन अलर्ट

**मुरैना, 1 जुलाई ।** कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम मेघा तिवारी एवं एसडीओपी मनीष कुमार मिश्रा ने अनुविभागीय कार्यालय सबलगढ़ में मानसून एवं संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की। इसमें थाना प्रभारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बाढ़, अतिवृष्टि, जलभराव, आकाशीय बिजली, सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आपदा जनित परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जमीन विवाद में फायरिंग करने वाले गिर्राज-शिशुपाल गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 1 जुलाई ।** जमीन विवाद के दौरान हवाई फायरिंग करने के मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से

> **17 मई को हुई थी घटना, पुलिस ने दर्ज किया था अपराध**

घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक जब्त कर ली है। पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।



पुलिस के अनुसार 17 मई को फरियादी सुल्तान सिंह यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नंदेपुरा रोड स्थित खेत पर रास्ते को लेकर विवाद के दौरान गिर्राज यादव, अनमोल यादव, दीपेश यादव एवं शिशुपाल यादव ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर गिर्राज यादव और शिशुपाल यादव ने हवाई फायरिंग कर दी। शिकायत पर सिविल लाइन थाने में प्रकरण दर्ज किया गया।

30 जून को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी गिर्राज पुत्र दुर्गा यादव और शिशुपाल पुत्र उम्मेद सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 एवं 306 बोर की लाईसेंसी बंदूकों के साथ दो जिंदा राउण्ड बरामद किए है। कार्रवाई में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, एसआई गुलाब सिंह, प्र.आर. ऋषिकेश, दुष्यंत शर्मा, उदयवीर, सुनील बंसल, गुल्टूराम, आरक्षक जितेन्द्र, सुनील, संजय, प्रशांत शामिल थे।

# 13 साल से फरार शराब ठेकेदार सुरेश उपाध्याय गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 1 जुलाई ।** सिविल लाईन थाना पुलिस ने बीते 13 साल से फरार चल रहे शराब ठेकेदार सुरेश उपाध्याय पुत्र रामजीलाल उपाध्याय निवासी जौरीगांव को

> **गिरफ्तारी पर घोषित था पांच हजार रूपये का ईनाम**

30 जून को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर एसपी मुरैना ने पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था।



जानकारी के अनुसार आबकारी एक्ट की धाराओं में सिविल लाईन थाने में दर्ज अपराध क्रं. 199/2013 में आरोपी सुरेश उपाध्याय विगत 13 साल से फरार बना हुआ था। न्यायालय ने उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस की ओर से उसके ऊपर पांच हजार का ईनाम घोषित किया था।

वहीं 28 जून को जौरीगांव में हुई फायरिंग की घटना में भी आरोपी सुरेश उपाध्याय शामिल था। 30 जून को पुलिस ने आरोपी सुरेश उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाईसेंसी रायफल और रिवॉल्वर पुलिस ने जब्त कर ली है। कार्रवाई में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव और उनकी टीम शामिल थी।

# अनुशासन-संस्कार, सेवाभाव ही सफलता का आधार : डॉ. अवनीश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 1 जुलाई ।** विक्टर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को डॉक्टर्स-डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास शर्मा, डॉ.

> **विक्टर स्कूल में मनाया गया डॉक्टर्स एवं सीए-डे, किया गया सम्मान**

अवनीश माहेश्वरी और सीए प्रकाश अग्रवाल का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी अतिथियों को पौधे भी भेंट किए गए।



कार्यक्रम की विशेष आकर्षण विद्यार्थियों के हाथों से तैयार किए गए ग्रीटिंग कार्ड रहे, जिन्हें पाकर अतिथि भावुक हो उठे और बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। डॉ. विकास शर्मा ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता अपनाने की सलाह दी। डॉ. अवनीश माहेश्वरी ने अनुशासनए सेवाभाव और अच्छे संस्कारों को सफलता का आधार बताया, वहीं सीए प्रकाश अग्रवाल ने ईमानदारी, समय प्रबंधन और वित्तीय अनुशासन को जीवन की सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय संचालक समीर बांदिल, प्रतीक्षा बांदिल, अमित मोहन बांदिल, मयूरी बांदिल सहित शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महापौर ने किया रोटरी रॉयल्स उपवन का लोकापर्ण

**मुरैना, 1 जुलाई।** रोटरी क्लब रॉयल्स मुरैना द्वारा शहर की बैरियर स्थित अटल स्मारक के समीप विकसित किए गए रोटरी रॉयल्स उपवन का मंगलवार को महापौर शारदा सोलंकी ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर वार्ड-19 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राकेश यादव भी मौजूद रहे। क्लब ने पार्क का सौंदर्यीकरण कर यहां 20 बैठने की कुर्सियां लगवाई हैं, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की है तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे हैं। पार्क की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग के साथ रोटरी व्हील भी स्थापित किया गया है। क्लब ने पार्क के नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी भी अपने स्तर पर लेने की घोषणा की। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष निखिल बंसल, सचिव गौरव मित्तल, कोषाध्यक्ष अंबरीश शर्मा सहित कौशल सिंघल, सौरभ गुलाटी, पंकज गोयल, रितिक अग्रवाल, जयदीप यादव, विजय श्रीवास्तव, अनिल शिवहरे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




# जागरुकता ही साइबर अपराधों से बचाव का उपाय : धर्मराज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 1 जुलाई ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को पुलिस अधीक्षक

> **साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई, डिजिटल ठगी से बचाव का संदेश**

कार्यालय में एसपी धर्मराज मीणा के नेतृत्व में प्रात:कालीन सभा आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता की शपथ दिलाई गई।



एसपी धर्मराज मीणा ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध लगातार नए-नए तरीकों से हो रहे हैं और इनसे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वयं साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा आमजन को संदिग्ध कॉल, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, निवेश के नाम पर होने वाली ठगी और ओटीपीए बैंक खाते एवं एटीएम संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एएसपी सुरेंद्रपाल सिंह डाबर, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, सूबेदार गजेंद्र परिहार सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम : बैंक-पुलिस अधिकारियों ने रोपे पौधे

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 1 जुलाई ।** पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह डाबर के निर्देशन में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला तथा भारतीय स्टेट




बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला ने कहा कि यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और मातृ सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एसबीआई शाखा प्रबंधक विनीत नीलेए सूबेदार गजेंद्र परिहार सहित पुलिस एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने हरित मुरैना के निर्माण के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।


**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**
क्रमांक-1974...मुरैना
दिनांक-01/07/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. ई.डब्ल्यू.एस. 24 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्रीमती अनीता गर्ग पत्नी श्री पवन कुमार गर्ग, श्रीमती रेखा अग्रवाल पत्नी श्री आशीष अग्रवाल, श्रीमती नीलम अग्रवाल पत्नी श्री मुकेश अग्रवाल, कु. प्रीती बंसल पुत्री स्व. श्री विशन बंसल एवं श्री दीपक बंसल पुत्र स्व. श्री विशनस्वरूप बंसल के नाम पर नामांतरण किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड को श्री मुकेश शर्मा पुत्र श्री रामजीलाल शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। श्री मुकेश शर्मा द्वारा नामांतरण/हस्तांतरण बावत आवेदन किया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**